# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 29 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर झालावाड़ जिले के खानपुर कस्बे के चाँदखेड़ी में सम्पन्न हुआ। जिसके समापन सत्र में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।

श्री डोटासरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी का देश की आजादी तथा आजादी के पश्चात् विकसित राष्ट्र बनाने में अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के किसी नेता का देश की आजादी के आंदोलन में योगदान का जिक्र इतिहास में नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने लोक कल्याण में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि लोगों को शिक्षित करने हेतु शिक्षा का अधिकार, रोजगार देने हेतु मनरेगा तथा किसी को भूखा ना सोना पड़े इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे जनकल्याणकारी कानून कांग्रेस सरकारों ने बनाएं। उन्होंने कहा कि देश में डिजीटल क्रांति पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी की देन है, गरीबों के कल्याण हेतु पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने गरीबी हटाओ का नारा देते हुए हरित क्रांति एवं श्वेत क्रांति के माध्यम से देश को स्वावलम्बी बनाने का कार्य किया तथा आजादी के पश्चात् भारत के आधुनिकीकरण हेतु देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहर लाल नेहरू ने एम्स, आईआईटी, यूजीसी सहित कई कारखाने एवं भाखड़ा-नांगल जैसी सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के विराट योगदान के बावजूद आरएसएस के लोग देश में कांग्रेस के विरूद्ध दुष्प्रचार करते है तथा लोगों को भ्रमित करने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि आरएसएस जैसी संस्थाओं के दुष्प्रचार एवं झूठ के प्रसार के लिए कहीं ना कहीं हमारी ही कोई कमी जिम्मेदार है जिसे समय रहते दूर कर फासीवादी ताकतों के मुकाबले हेतु सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूती के साथ तैयारी करनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने ही महिला आरक्षण देने तथा 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार देने जैसे क्रांतिकारी निर्णय लिए, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता से वादे करने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि ना तो युवाओं को दो

2....

Created by Universal Document Converter

करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष मिले और ना ही किसानों की आय दुगुनी हुई, बल्कि देश की सीमाओं पर पड़ोसी देशों ने अतिक्रमण कर लिया है। उन्होंने कहा कि अपने हक की माँग करने वाली जनता के लिए आंदोलनजीवी, आतंकवादी जैसे शब्दों का इस्तेमाल भारतीय जनता पार्टी के नेता करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नोटबंदी जैसे निर्णय लेकर देश की अर्थव्यवस्था एवं गरीबों को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि आरएसएस तथा भाजपा के नेता एनडीए शासन में शुरू हुई एक जनकल्याणकारी योजना का नाम नहीं बता सकते जबकि कांग्रेस से 70 सालों के शासन का हिसाब माँगते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य भाजपा नेता जनता के हितों के लिए सोचने के बजाए हमेशा चुनावी मोड में रहते है, जिनका एक ही मकसद है कि येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीत जाए और यदि चुनाव नहीं जीत सके तो लोकतांत्रिक तरीके से जीती हुई सरकारों को गिराकर सत्ता पर काबिज होने जैसा कार्य करते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण में खुद की उपलब्धियाँ बताने जैसा कोई उल्लेख नहीं होता केवल कांग्रेस को कोसने की बात करते हैं एवं कांग्रेस मुक्त भारत की बात करते है किन्तु यह भूल जाते है कि देश की रग-रग में कांग्रेस पार्टी बसी हुई है।

श्री डोटासरा ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने गुड गर्वनेन्स की एक मिशाल कायम की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जबरदस्त कोरोना मैनेजमेंट हुआ, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुफ्त 50 यूनिट बिजली देने, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोलने जैसे जन कल्याणकारी निर्णय लिए गए, जिसके कारण आज राजस्थान सरकार के कार्यों से राजकीय कर्मचारी, किसान, महिला, युवा सभी वर्ग संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि 14 हजार करोड़ रूपया किसानों का कर्जा माफ किया गया जबकि भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगाकर भ्रम की स्थिति पैदा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए गए आंदोलन के तहत् कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा में धरना दिया था जिसके पश्चात् पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे को किसानों का 50 हजार रुपये तक का कर्जा माफ करने की घोषणा करने हेतु बाध्य होना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन की सच्चाई यह है कि वसुन्धरा सरकार द्वारा घोषित कर्जमाफी के लिए ना तो कोई वित्तीय प्रावधान किया गया और ना ही इस

3....

Created by Universal Document Converter

निर्णय को लागू किया गया, किन्तु कांग्रेस सरकार ने ही इस घोषणा के तहत् किसानों का 50 हजार रुपये तक का कर्ज भी माफ किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन अपने कार्यकर्ताओं के साथ है, कार्यकर्ताओं की हर आवश्यकता के समय संगठन मजबूती से उनके साथ खड़ा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी पूर्ण करें तो कोई ताकत कांग्रेस को चुनौती नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी जाकर राजस्थान की कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुँचायें तथा सुनिश्चित करें कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ पाने से कोई व्यक्ति वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ राज्य सरकार की उपलब्धियां बताने के साथ ही राजस्थान के प्रत्येक व्यक्ति को केन्द्र सरकार द्वारा जनता से किए गए झूठे वादों एवं विफलताओं से अवगत करवायें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने कर्त्तव्यों की पूर्ति में संगठन द्वारा प्रदत्त जिम्मेदारी की पालना में कमर कस जनता के बीच जाकर कार्य करें तथा वर्ष 2023 में प्रदेश में पुनः कांग्रेस सरकार बनाने में अपना योगदान प्रदान करें।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिले में निवासरत सदस्यगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी/निवर्तमान पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्वाचित व सहवृत सदस्यगण, जिले के समस्त अग्रिम संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, निकायों के जनप्रतिनिधिगण, पंचायत राज के जनप्रतिनिधिगण सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter